# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

## (केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## हिन्दी कार्यशाला प्रतिवेदन

## विषय : कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग

दिनांक : 11 जून, 2024

स्थान : गौर समिति कक्ष

**-: राजभाषा प्रकोष्ठ :-**

## ‘कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग’ विषय पर आयोजित हिन्दी कार्यशाला की रिपोर्ट

विश्वविद्यालय की माननीया कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से दिनांक 11 जून, 2024 को डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) के गौर समिति, प्रशासनिक भवन में विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायकों एवं प्रयोगशाला प्रेष्यों के लिए **‘कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग’** विषय पर हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों के निदेशक प्रो. नवीन कानगो ने प्रतिभागियों को तकनीकी एवं वैज्ञानिक विषयों में हिन्दी के प्रयोग की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि हम अपने विद्यार्थियों के लिए न केवल मातृभाषा में पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाएं बल्कि एक ऐसे अकादमिक वातावरण का निर्माण करें जिसमें हिन्दी में तकनीकी विषयों का पठन, पाठन एवं लेखन सहज हो सके।

कार्यशाला के विषय-विशेषज्ञ विश्वविद्यालय संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी हिन्दी अधिकारी श्री संतोष सोहगौरा ने प्रतिभागियों को राजभाषा के नियमों, कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी के प्रयोग तथा तकनीकी शब्दावली निर्माण एवं उसके प्रयोग से परिचित करवाया। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तारतम्य में राजभाषा के

प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। इस क्रम में उन्होंने समस्त प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे अपनी संबंधित प्रयोगशालाओं में उपकरणों के नाम, प्रमुख सावधानियां, रसायनों एवं अभिकर्मकों के नाम इत्यादि को द्विभाषी में तैयार कर विद्यार्थियों हेतु समुचित स्थान पर प्रदर्शित करें। अपने वक्तव्य को रोचक एवं संवादात्मक बनाते हुए उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का दैनन्दिन उदाहरणों के माध्यम से निराकरण किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों के लिए तकनीकी शब्दावली पर आधारित प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई जिसके तीन विजेता प्रतिभागियों कु. अदिति उपाध्याय, श्री अमित कुमार शिव एवं श्री गजेन्द्र सिंह लोधी को पुरस्कार प्रदान किए गए।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं एवं अन्य अनुभागों में कार्यरत 32 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विशिष्ट उपस्थिति सहायक कुलसचिव श्री राजकुमार पाल की रही। कार्यशाला का संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के अनुवादक श्री अभिषेक सक्सेना ने किया विशेष सहयोग श्री विनोद रजक का रहा।

●●●

# छायाचित्र


NAAC
कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग



NAAC
कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग


NAAC
कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग


JALARAM







मंगलवार, 11 जून 2024
NAAC A+
Accredited University
नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायकों एवं प्रयोगशाला प्रेष्यों
हेतु हिन्दी कार्यशाला
कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी
भाषा का उपयोग
आयोजक
राजभाषा प्रकोष्ठ
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों हेतु आयोजित

06/14

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर(म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## राजभाषा प्रकोष्ठ

हिन्दी कार्यशाला (दिनांक : 11 जून, 2024)

प्रायोगिक सत्र

प्रतिभागी का नाम – राजेन्द्र सिंह लोधी

पदनाम एवं विभाग – प्रयोगशाला परिचर, प्राणीशास्त्र

कुल अंक– 14

समय– 10 मिनट

क. दिये गये शब्दों/वाक्यांशों की सटीक हिन्दी लिखें –

1. Leave Travel Concession : यात्रा भत्ता (छूट) ×
2. Analyst : विश्लेषक ✓
3. Reagent : अभिकर्मक ✓
4. Demi-official letter : अर्द्ध शासकीय पत्र ✓
5. Reminder may be sent : स्मृति पत्र ×
6. Competent Authority : प्रतिस्पर्धा समिति ×
7. Procurement : क्रियाविधि ×

(प्रतिभागी के हस्ताक्षर)

06/14

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर(म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## राजभाषा प्रकोष्ठ

हिन्दी कार्यशाला (दिनांक : 11 जून, 2024)

प्रायोगिक सत्र

प्रतिभागी का नाम – अमित कुमार शिव

पदनाम एवं विभाग – प्रयोगशाला सहायक, भूगर्भशास्त्र विभाग (प्रायोगिक)

कुल अंक– 14

समय– 10 मिनट

क. दिये गये शब्दों/वाक्यांशों की सटीक हिन्दी लिखें –

1. Leave Travel Concession : अवकाश यात्रा छूट ✓ (1)
2. Analyst : परीक्षक (2)
3. Reagent : अभिकर्मक
4. Demi-official letter : अर्ध शासकीय पत्र ✓ (2)
5. Reminder may be sent :
6. Competent Authority : सक्षम अधिकारी ✓ (1)
7. Procurement : खरीददारी (क्रय)

(प्रतिभागी के हस्ताक्षर)

06/14

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर(म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## राजभाषा प्रकोष्ठ

हिन्दी कार्यशाला (दिनांक : 11 जून, 2024)

प्रायोगिक सत्र

प्रतिभागी का नाम – अदिति उपाध्याय

पदनाम एवं विभाग – प्रयोगशाला प्रेक्षा, रसायनशास्त्र

कुल अंक– 14

समय– 10 मिनट

क. दिये गये शब्दों/वाक्यांशों की सटीक हिन्दी लिखें –

1. Leave Travel Concession : अवकाश यात्रा रियायत ✓
2. Analyst :
3. Reagent : अभिकर्मक ✓
4. Demi-official letter : अर्द्ध शासकीय पत्र ✓
5. Reminder may be sent : शायद अधिसूचना प्रेषित कि गई है ✗
6. Competent Authority : अधिकार ✗
7. Procurement : अधिग्रहण ✗

(प्रतिभागी के हस्ताक्षर)

# <u>समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरें</u>

## कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग' विषय पर हिन्दी कार्यशाला सम्पन्न




सागर, आचरण। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से मंगलवार को डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायकों एवं प्रयोगशाला प्रेष्यों के लिए 'कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग' विषय पर हिन्दी कार्यशाला आयोजित की गई। इस अवसर पर कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों के निदेशक प्रो. नवीन कानगो ने प्रतिभागियों को तकनीकी एवं वैज्ञानिक विषयों में हिन्दी के प्रयोग की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि आज समय की मांग है कि हम अपने विद्यार्थियों के लिए न केवल मातृभाषा में पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाएं बल्कि एक ऐसे अकादमिक वातावरण का निर्माण करें जिसमें हिन्दी में तकनीकी विषयों का पठन, पाठन एवं लेखन सहज हो सके। कार्यशाला के विषय-विशेषज्ञ विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी हिन्दी अधिकारी संतोष सोहगौरा ने प्रतिभागियों को राजभाषा के नियमों, कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी के प्रयोग तथा तकनीकी शब्दावली निर्माण एवं उसके प्रयोग से परिचित करवाया। अपने वक्तव्य में उन्होंने बताया कि राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तारतम्य में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए।

इस क्रम में उन्होंने समस्त प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे अपनी संबंधित प्रयोगशालाओं में उपकरणों के नाम, प्रमुख सावधानियां, रसायनों एवं अभिकर्मकों के नाम इत्यादि को द्विभाषी में तैयार कर विद्यार्थियों हेतु समुचित स्थान पर प्रदर्शित करें। अपने वक्तव्य को रोचक एवं संवादात्मक बनाते हुए उन्होंने प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का दैनन्दिन उदाहरणों के माध्यमन से निराकरण किया। कार्यशाला में प्रतिभागियों के लिए तकनीकी शब्दावली पर आधारित प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई जिसके तीन विजेता प्रतिभागियों कु. अदिति उपाध्याय, अमित कुमार शिव एवं गजेन्द्र सिंह लोधी को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यशाला में विभिन्न विभागों की प्रयोगशालाओं एवं अन्य अनुभागों में कार्यरत 32 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। विशिष्ट उपस्थिति सहायक कुलसचिव राजकुमार पाल की रही। कार्यशाला का संचालन राजभाषा प्रकोष्ठ के अनुवादक अभिषेक सक्सेना ने किया विशेष सहयोग विनोद रजक का रहा।

## तकनीकी और विज्ञानी विषयों में हिंदी के प्रयोग का महत्व बताया



कामकाज में तकनीकी भाषा के उपयोग पर कार्यशाला आयोजित की गई। • नवदुनिया

**नवदुनिया प्रतिनिधि, सागर :** डाक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा विश्वविद्यालय के नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायकों एवं प्रयोगशाला प्रेष्यों के लिए कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय की अकादमिक गतिविधियों के निदेशक प्रो. नवीन कानगो ने प्रतिभागियों को तकनीकी एवं विज्ञानी विषयों में हिंदी के प्रयोग की महत्ता से अवगत कराया। उन्होंने

केवल मातृभाषा में पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाएं, बल्कि एक ऐसे अकादमिक वातावरण का निर्माण करें जिसमें हिंदी में तकनीकी विषयों का पठन, पाठन एवं लेखन सहज हो सके। कार्यशाला के विषय-विशेषज्ञ विश्वविद्यालय के संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी हिंदी अधिकारी संतोष सोहगौरा ने प्रतिभागियों को राजभाषा के नियमों, कार्यालयीन कामकाज में हिंदी के प्रयोग व तकनीकी शब्दावली निर्माण एवं उसके प्रयोग से परिचित करवाया। प्रश्नोत्तरी में तीन विजेता प्रतिभागियों कु. अदिति उपाध्याय,

दैनिक भास्कर **सागर 15-06-2024**

## 'प्रयोगशालाओं में उपकरणों, रसायनों एवं अभिकर्मकों के नाम द्विभाषी तैयार करें"

**भास्कर संवाददाता | सागर**

डॉ. हरीसिंह गौर विवि के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायकों एवं प्रयोगशाला प्रेष्यों के लिए कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग विषय पर हिंदी कार्यशाला की।

विवि की कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता के मार्गदर्शन में हुई कार्यशाला की अध्यक्षता कर रहे डोआ प्रो. नवीन कानगो ने कहा आज समय की मांग है कि हम अपने विद्यार्थियों के लिए न केवल मातृभाषा में पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाएं बल्कि एक ऐसे अकादमिक वातावरण का निर्माण करें जिसमें हिन्दी में तकनीकी विषयों का पठन, पाठन एवं लेखन सहज हो सके। विषय संयुक्त कुलसचिव एवं प्रभारी हिंदी अधिकारी संतोष सोहगौरा ने प्रतिभागियों को राजभाषा के नियमों, कार्यालयीन कामकाज में हिन्दी के प्रयोग तथा तकनीकी शब्दावली निर्माण एवं उसके प्रयोग से परिचित करवाया। उन्होंने बताया राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के तारतम्य में राजभाषा के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए हमें अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। इस क्रम में उन्होंने समस्त प्रतिभागियों से अनुरोध किया कि वे अपनी संबंधित प्रयोगशालाओं में उपकरणों के नाम, प्रमुख सावधानियां, रसायनों एवं अभिकर्मकों के नाम इत्यादि को द्विभाषी में तैयार कर विद्यार्थियों के लिए समुचित स्थान पर प्रदर्शित करें। कार्यशाला में प्रतिभागियों के लिए तकनीकी शब्दावली पर आधारित प्रश्नोत्तरी भी हुई।

# राजभाषा प्रकोष्ठ
## HINDI CELL
## डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
DOCTOR HARISINGH GOUR VISHWAVIDYALAYA, SAGAR (M.P.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय A CENTRAL UNIVERSITY)

ई-मेल : hindicell2015@gmail.com
दूरभाष क्र. : (07582) 297119


पत्र क्र. राभाप्र/2024/33/2154 04 जून, 2024

## सूचना

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रमानुसार प्रशासनिक काम-काज में राजभाषा हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजभाषा प्रकोष्ठ नियमित रूप से कर्मचारियों हेतु कार्यशालाओं का आयोजन करता है। इसी क्रम में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति से विश्वविद्यालय में समस्त नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला प्रेष्य कर्मचारियों हेतु **'कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग'** विषय पर एक दिवसीय **हिन्दी कार्यशाला दिनांक 11 जून, 2024 को मध्याह्न 12.00 बजे गौर समिति कक्ष नवीन प्रशासनिक भवन** में आयोजित की जा रही है। उक्त कार्यशाला के समस्त प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किया जायेगा।

अतः उक्त कार्यशाला में समस्त नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला प्रेष्य कर्मचारियों की उपस्थिति अपेक्षित है।

आदेशानुसार,

04/06/24

**(संतोष सोहगौरा)**
**हिन्दी अधिकारी (प्र.)**
**एवं संयुक्त कुलसचिव**

**प्रतिलिपि : कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।**

1. सर्वसंबंधित प्रयोगशाला सहायक एवं प्रयोगशाला प्रेष्य कर्मचारी।
2. समस्त विभागाध्यक्ष, शाखा प्रभारी – उक्त कार्यशाला में अपने अधीनस्थ संबंधित कर्मचारियों की प्रतिभागिता सुनिश्चित करवाने के अनुरोध के साथ।
3. मान. कुलपति जी को निज सचिव के माध्यम से सूचनार्थ।
4. मान. कुलसचिव जी को निज सहायक के माध्यम से सूचनार्थ।
5. कार्यालय नस्ती।

राजभाषा प्रकोष्ठ

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

## प्रतिपुष्टि–पत्रक (Feed Back Form)

1. कार्यशाला का विषय एवं दिनांक : 'कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग'
11 जून, 2024
2. प्रतिभागी का नाम एवं पदनाम : कार्तिक सराफ, प्रयोगशाला प्रेवप
3. प्रतिभागी के विभाग / शाखा का नाम : पर्यावरण विज्ञान विभाग
4. कार्यशाला के सम्बन्ध में आपकी राय –
   - क. बहुत अच्छा (चिह्नित)
   - ख अच्छा
   - ग. सामान्य
5. कार्यशाला में दिये गये व्याख्यान के बारे में आपकी राय –
   - क. बहुत अच्छा (चिह्नित)
   - ख. अच्छा
   - ग. सामान्य
6. क्या कार्यशाला आपके लिये उपयोगी रही ?
   - (क) हाँ (चिह्नित)
   - (ख) नहीं
7. कार्यशाला में उपलब्ध करायी गई प्रशिक्षण सामग्री का स्तर –
   - क. बहुत अच्छा
   - ख. अच्छा (चिह्नित)
   - ग. सामान्य
8. कार्यशाला को और बेहतर करने के लिए आपका सुझाव :

(1) प्रतिवर्ष कार्यशाला का आयोजन किया जावे।

(2) कार्यशाला का विस्तार वि.वि. के सभी कर्मचारियों तक हो।

(3) सीनियर अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा सहयोग दिया जावे।

दिनांक : 11/6/24

[हस्ताक्षर] 11/6/24

(प्रतिभागी के हस्ताक्षर)

राजभाषा प्रकोष्ठ

# डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

प्रतिपुष्टि–पत्रक (Feed Back Form)

1. कार्यशाला का विषय एवं दिनांक : 'कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग'

11 जून, 2024

2. प्रतिभागी का नाम एवं पदनाम : अरविन्द चढार, प्रयोगशाला सहायक
3. प्रतिभागी के विभाग/शाखा का नाम : सेंटर फॉर एडवान्स्ड रिसर्च
4. कार्यशाला के सम्बन्ध में आपकी राय –
   - ✓ क. बहुत अच्छा
   - ख. अच्छा
   - ग. सामान्य

5. कार्यशाला में दिये गये व्याख्यान के बारे में आपकी राय –
   - ✓ क. बहुत अच्छा
   - ख. अच्छा
   - ग. सामान्य

6. क्या कार्यशाला आपके लिये उपयोगी रही ?

   ✓ (क) हाँ (ख) नहीं

7. कार्यशाला में उपलब्ध करायी गई प्रशिक्षण सामग्री का स्तर –
   - ✓ क. बहुत अच्छा
   - ख. अच्छा
   - ग. सामान्य

8. कार्यशाला को और बेहतर करने के लिए आपका सुझाव :

कार्यशाला का अनुभव बहुत बढ़िया रहा। आशा है भविष्य में भी ऐसी कार्यशालायें आयोजित होती रहेंगी। धन्यवाद।

दिनांक : 11.06.24

अरविन्द

(प्रतिभागी के हस्ताक्षर)

नवनियुक्त प्रयोगशाला सहायकों एवं प्रयोगशाला प्रेष्यों हेतु हिन्दी कार्यशाला

# कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग

मंगलवार, 11 जून 2024



## प्रमाण पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि सुश्री शीतल गौर ने

एक दिवसीय कार्यशाला 'कार्यालयीन कामकाज में तकनीकी भाषा का उपयोग'

में सक्रिय रूप से भाग लेकर रसायन शास्त्र विभाग/शाखा का प्रतिनिधित्व किया।

विश्वविद्यालय आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।

**संतोष सोहगौरा**
संयुक्त कुलसचिव एवं हिन्दी अधिकारी (प्र.)

**प्रो. नवीन कानगो**
निदेशक, अकादमिक गतिविधियां

आयोजक
राजभाषा प्रकोष्ठ
डॉक्टर हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.)
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)